II Sem Regular Exam April, 2018 32822

18/4/18

FYBA
18/4/18
2 to 5
pages 2

Hindi

Q. P. Code: 32822

25

[समय: ३ घंटे] [अंक: १००]

Please check whether you have got the right question paper.

प्र.१ निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। २४

१. “हाँ, पाप की परिभाषा करने की मैंने कई बार चेष्टा की है, पर सदा असफल रहा हूँ। पाप क्या है और उसका निवास कहाँ है, यह एक बड़ी कठिन समस्या है , उसको आज तक नहीं सुलझा सका हूँ।”

अथवा

“मनुष्य अपना स्वामी नहीं है, वह परिस्थितियों का दास है-विवश है। कर्ता नहीं है, वह केवल साधन है। फिर पुण्य और पाप कैसा ?”

२. “और आज कई वर्ष हो चुके हैं – चीनी को फिर देखने की संभावना नहीं। उसकी बहन से मेरा कोई परिचय नहीं, पर न जाने क्यों वे दोनों भाई बहन मेरे स्मृतिपट से हटते ही नहीं।”

अथवा

“आचरण की सभ्यता का देश ही निराला है। उसमें न शारीरिक झगड़े हैं, न मानसिक, न अध्यात्मिक। न उसमें विद्रोह है, न जंग ही का नामोनिशान है और न वहां कोई ऊँचा है, न नीचा। न कोई वहां धनवान है और न ही कोई वहां निर्धन। वहां प्रकृति का नाम नहीं, वहां तो प्रेम और एकता का अखंड राज्य रहता है।”

प्र.२ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। ३०

१. ‘पाप और पुण्य क्या है ?’ चित्रलेखा उपन्यास के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

अथवा

‘चित्रलेखा’ उपन्यास की प्रधान नायिका चित्रलेखा का चरित्र-चित्रण कीजिए।

२. ‘जीप पर सवार इल्लियाँ’ व्यंग्य पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

‘नया देश, नयी जमीन...’ आत्मकथ्य में लेखिका को ब्रुसेल्स की विदेशी धरती पर आए विविध अनुभवों का वर्णन कीजिए।

प्र.३ निम्नलिखित में से **किसी एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए। १५

१. चित्रलेखा उपन्यास की ‘यशोधरा’ का विस्तार से परिचय दीजिए।

२. ‘भोर का तारा’ एकांकी की प्रतीकात्मकता पर प्रकाश डालिए।

BA2FAD5BCD33A799A83AA3019E3D8595

II Sem Regular Exam April, 2018 32822
13/4/18

प्र.४ टिप्पणियाँ लिखिए | १६

१. 'चित्रलेखा' उपन्यास के महाप्रभु रत्नाम्बर

अथवा

'चित्रलेखा' उपन्यास का कुमारगिरि

२. 'तूफान के विजेता' में मछुओं के गाँव का वर्णन

अथवा

'अस्थियों के अक्षर' में लेखक की माँ

प्र.५ निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए | १५

१. 'पाप क्या है ?' यह प्रश्न महाप्रभु रत्नाम्बर से किसने पूछा ?
२. योगी और भोगी का नाम क्या है ?
३. चित्रलेखा कौन-से नगर की असाधारण सुंदर नर्तकी थी?
४. चित्रलेखा किस उम्र में विधवा हुई थी ?
५. सबसे सुंदर तथा प्रभावशाली युवक सामंत कौन था ?
६. यशोधरा के पिता का नाम लिखिए |
७. देशभ्रमण के लिए बीजगुप्त के साथ कौन-कौन गए ?
८. "बीजगुप्त तुम एक महान आत्मा हो, तुम देवता हो," यह वाक्य किसने कहा ?
९. चीनी फेरीवाले की आँखे कैसी थी ?
१०. जीप पर कौन सवार थी ?
११. शेखर के महाकाव्य का नाम क्या है ?
१२. 'तूफान के विजेता' के लेखक कौन है ?
१३. वरुण के अनुसार दस पैसे का सिक्का किसने निगल लिया था ?
१४. कंगाल आदमी अपना प्रभुत्व कहाँ जमा सकता है ?
१५. माँ के खड़ुए कितने में बिके ?

****

BA2FAD5BCD33A799A83AA3019E3D8595